प्रेस नोट संख्या- 31
दिनांक 17.09.2024
सराहनीय कार्य अमेठी पुलिस

थाना गौरीगंज पुलिस एवं स्वाट टीम अमेठी की संयुक्त टीम द्वारा 01 कुंटल 10 कि0ग्रा0 गांजा (कीमत लगभग 28 लाख रुपए) के साथ अन्तर्जनपदीय 03 गांजा तस्कर गिरफ्तार ।

जनपद अमेठी में अपराध एवं अपराधियों के धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में दिनांक 17.09.2024 को क्षेत्राधिकारी गौरीगंज श्री अखिलेश वर्मा के नेतृत्व में उ0नि0 प्रदीप कुमार सिंह थाना गौरीगंज मय हमराही व उ0नि0 अनूप कुमार सिंह प्रभारी स्वाट टीम अमेठी मय हमराही को देखभाल क्षेत्र, चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि अठेहा की तरफ से एक पिकअप आ रही है जिस पर अवैध गांजा लदा हुआ है, उक्त सूचना पर गौरीगंज-अठेहा मार्ग पर जवाहर नवोदय विद्यालय के पास अठेहा की तरफ से आ रही एक महिन्द्रा पिकअप BR44GA6897 को रोककर वाहन सवार व्यक्तियों से नाम पता पूछा गया तो एक ने अपना नाम शम्भू कुमार यादव पुत्र वीरेन्द्र यादव उम्र 35 वर्ष निवासी डुबकी पोस्ट अरियांवा थाना कृष्ण ब्रह्म जनपद बक्सर बिहार बताया, दूसरे ने अपना नाम छविनाथ प्रसाद गुप्ता पुत्र पन्नालाल गुप्ता उम्र 45 वर्ष निवासी मेनरोड सिविल लाईन बक्सर थाना बक्सर जनपद बक्सर बिहार बताया तथा तीसरे ने अपना नाम इमरानशाह पुत्र नाजिबशाह उम्र 18 वर्ष निवासी मंसूरपुर थाना दुर्गावती जनपद भगूहा बिहार बताया। उक्त वाहन की तलाशी लेने पर पिकअप के ऊपर बने एक केबिन से 5-5 कि0ग्रा0 गांजे के 22 पैकेट में कुल 01 कुंटल 10 कि0ग्रा0 गांजा बरामद हुआ। उक्त वाहन के कागज मांगने पर दिखा न सके। उपरोक्त तीनों व्यक्तियों को मौके से ही समय करीब 12:50 बजे रात्रि में गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारी एवं बरामदगी के संबंध में थाना गौरीगंज पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है।

गिरफ्तार अभियुक्तों का नाम व पता–

1. शम्भू कुमार यादव पुत्र वीरेन्द्र यादव उम्र 35 वर्ष निवासी डुबकी पोस्ट अरियांवा थाना कृष्ण ब्रह्म जनपद बक्सर बिहार।
2. छविनाथ प्रसाद गुप्ता पुत्र पन्नालाल गुप्ता उम्र 45 वर्ष निवासी मेनरोड सिविल लाईन बक्सर थाना बक्सर जनपद बक्सर बिहार।
3. इमरानशाह पुत्र नाजिबशाह उम्र 18 वर्ष निवासी मंसूरपुर थाना दुर्गावती जनपद भगूहा बिहार।

बरामदगी-

1. कुल 01 कुंटल 10 कि0ग्रा0 गांजा **(कीमत लगभग 28 लाख रुपए)**
2. 01 महिन्द्रा पिकअप BR44GA6897

पुलिस द्वारा की गयी कार्यवाही-

- मु0अ0सं0 318/24 धारा 8/20/23(b) एनडीपीएस एक्ट थाना गौरीगंज जनपद अमेठी।
- 01 महिन्द्रा पिकअप BR44GA6897 (धारा 207 एमवी एक्ट)।

गिरफ्तार करने वाली टीम-

1. श्री अखिलेश वर्मा क्षेत्राधिकारी गौरीगंज जनपद अमेठी।
2. उ0नि0 प्रदीप कुमार सिंह थाना गौरीगंज जनपद अमेठी।
3. उ0नि0 शिवाश्रय राम थाना गौरीगंज जनपद अमेठी
4. उ0नि0 अनूप कुमार सिंह प्रभारी स्वाट टीम अमेठी।
5. हे0का0 आलोक सिंह स्वाट टीम अमेठी।
6. हे0का0 दिनकर प्रसाद थाना गौरीगंज जनपद अमेठी
7. हे0का0 श्याम नारायण सिंह थाना गौरीगंज जनपद अमेठी
8. का0 शिवराम स्वाट टीम अमेठी।
9. का0 जयहिन्द स्वाट टीम अमेठी।
10. का0 मनीष स्वाट टीम अमेठी।
11. का0 बृजेश सिंह स्वाट टीम अमेठी।